तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 10 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4 नवरात्रि पर्व को लेकर बाजारों में रौनक, जमकर हो रही खरीदारी



खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा संगठन चुनाव को लेकर बैठक आज

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा संगठन चुनाव को लेकर शनिवार 10 अक्टूबर को पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत ससहा स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में दोपहर 12:00 बजे से बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में पामगढ़ ब्लॉक में पदाधिकारी के चुनाव को लेकर चर्चा होगी वही चुनाव कार्यक्रम भी कराया जाएगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के जिला संरक्षक केडी वैष्णव, जिला अध्यक्ष श्रवण वैष्णव, देवनारायण वैष्णव समेत पामगढ़ ब्लॉक के वैष्णव सजातीय बंधु विशेष तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बंधाई तालाब के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

चाम्पा। नगर के मिशन फाटक के समीप शुक्रवार 9 अक्टूबर की सुबह बंधाई तालाब के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गयी। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मृतक की शिनाख्त कर घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गयी हैं। मिली जानकारी के अनुसार मिशन फाटक के समीप स्थित बंधाई तालाब के पास रहने वालों ने शुक्रवार 8 अक्टूबर को सुबह तालाब के पास एक युवक का शव देखे जाने सूचना पुलिस थाने में दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्त करने सहित घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हैं। फिलहाल मामला हत्या का हैं अथवा आत्महत्या का यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी जुड़े है तार

कमीशन के लालच में दे दिया बैंक खाता, साइबर ठगो ने करोड़ों का किया ट्रांजेक्शन, आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साइबर ठगी की रकम खपाने के लिए किराए पर बैंक खाता देने वाले गिरोह का जांजगीर-चांपा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। साइबर थाना टीम ने कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पकड़े गए आरोपियों ने कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता सौंप दिया था,जिसमें एक ही दिन में करोड़ों के ट्रांजैक्शन हुए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

इस संबंध में साइबर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कलेशराम देवांगन उर्फ छोटू, श्यामलाल देवांगन उर्फ राजू निवासी भाठापारा सिवनी चांपा, लक्ष्मीनारायण पटेल निवासी कुम्हारी बलौदाबाजार, वेमेश आदित्य, ज्योति बाई यादव, अनिल राठौर, इश्तेखार अहमद निवासी जांजगीर और सुरेश गढ़ेवाल निवासी पाली नैला को कमीशन के लालच में खाता देने और करोड़ों का ट्रांजेक्शन होने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन बैंक में खाता खुलवाकर नया सिम लेकर साइबर ठगों को देते थे। बदले में उन्हें 10 हजार से 1 लाख रुपए तक कमीशन मिलता था। इन म्यूल खातों में एक दिन में करोड़ों का ट्रांजेक्शन हुआ है।

जांच में खुलासा हुआ है कि इन खातों में कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, असम, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों से ठगी की रकम आई थी। कुछ खातों में 14 से 15 बार शिकायत दर्ज है। लेयर-1 में सीधे ठगी की रकम इनके खातों में आई थी। पुलिस ने आरोपियों से पासबुक जब्त की है और खातों में लाखों रुपए होल्ड कराकर संबंधित राज्यों को सूचना भेज दी है। थाना साइबर में अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 61(2), 317(4), 317(5), 318(4), 323 बीएनएस और 66 डी आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।



साइबर पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

बड़े मगरमच्छ नहीं आए साइबर टीम की पकड़ में

म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी और करोड़ों के ट्रांजैक्शन मामले में जिले की साइबर पुलिस टीम ने स्थानीय 8 लोगो को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक साइबर ठगो के कहने पर इन्होंने बैंकों में अपने खाते खुलवाए और उन्हें अकाउंट नंबर दे दिया, जिसमें एक ही दिन में करोड़ों रुपए के ट्रांजैक्शन हुए। खाता धारकों ने रुपए निकलवाए और अपना कमीशन काटकर संबंधितों को रुपए भी लौटा दिए। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करके जांजगीर एवं आसपास गांव के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, अब महत्वपूर्ण बात यह है कि खाताधारक स्थानीय लोगों को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जिनके कहने पर यह खाता खुला था और जिनके द्वारा या ट्रांजैक्शन कराया गया, उन मुख्य सरगना तक पुलिस अभी तक नहीं पहुंच पाई है। इसको लेकर साइबर टीम की सक्रियता और कार्यशैली पर सवाल भी उठने लगे हैं। हालांकि इस मामले में साइबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा का कहना है कि जांच जारी है। पकड़े गए आरोपियों के माध्यम से आगे सरगना को भी पकड़ेंगे।

क्या होता है म्यूल खाता

किराए या कमीशन के लालच में खुलवाया गया ऐसा खाता जिसमें अवैध धन लिया जाता है, जांच होने पर खाताधारक ही आरोपी बनता है। पुलिस की अपील - अपना बैंक खाता और मोबाइल नंबर किसी दूसरे को न दें। यदि उस खाते से कोई अपराध होता है तो पहली जिम्मेदारी खाताधारक की होगी।

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई, आधा दर्जन से अधिक वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन मामले में आठ वाहनों को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई है, जिसके चलते खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोकथाम के लिए राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक जांच कर लगातार कार्रवाई गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के ग्राम नवापारा (केवा) में खनिज रेत के अवैध उत्खनन में 1 जेसीबी एक्सकैवेटर मशीन को संलिप्त पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए जब्त कर कलेक्टोरेट परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके साथ ही ग्राम महुदा, पिपरदा, पुछेली, पीथमपुर, हाथनेवरा, चांपा, नवागढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जांच मे ग्राम पीथमपुर से 7 ट्रेक्टर को हसदेव नदी क्षेत्र से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर में खनिज नियम के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को पुलिस थाना चांपा, नवागढ़ तथा कलेक्टोरेट परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। दर्ज प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23 (ख) तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।



बरगवां में 40 लीटर महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

अकलतरा। अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अकलतरा पुलिस ने ग्राम बरगवां में एक मकान से 40 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त की है। मामले में पुलिस ने भोला भारद्वाज (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, 9 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बरगवां निवासी भोला भारद्वाज अपने घर में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तलाशी ली। इस दौरान पांच पीले प्लास्टिक पैकेटों में रखे 200 पाउच बरामद हुए। प्रत्येक पाउच में 200 मिलीलीटर शराब थी। जब्त शराब की कुल मात्रा 40 लीटर तथा अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये बताई गई है।आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीओपी अकलतरा डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू के नेतृत्व में की गई।पुलिस ने बताया कि इससे पहले भी अकलतरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 में अवैध अंग्रेजी-देशी शराब, व्हिस्की और बीयर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए क्रमशः 184 लीटर एवं 104 लीटर शराब जब्त की जा चुकी है। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कश्यप, महिला प्रधान आरक्षक स्वाति गिरोलकर तथा आरक्षक महेन्द्र राज, शैलेन्द्र राठौर और राजेन्द्र कहरा की सराहनीय भूमिका रही।





खबर संक्षेप

पाली महाविद्यालय की पुस्तक का आयुक्त उच्च शिक्षा ने किया विमोचन



पाली। शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व वाणिज्य विभाग द्वारा प्रकाशित एवं आईक्युएसी प्रभारी डॉ शैख़ तस्लीम अहमद द्वारा संपादित पुस्तक हम सब भारत- सशक्त नागरिक, उन्नत राष्ट्र का विमोचन उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ.पुष्प राज लाजरस ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्ययन अध्यापन, एनसीसी, एन एस एस, खेलकूद, स्वीप, माय भारत पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्य द्वारा आगामी नवम्बर माह में आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार के लिए आयुक्त को आमंत्रित किया गया जिसे आयुक्त ने स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा संचालनालय से सयुंक्त सचालक प्रदीप कुमार वैद्य, आईटी सेल प्रभारी शोएब अन्सारी, आईक्युएसी प्रभारी डॉ शैख़ तस्लीम अहमद, रासेयो कार्यक्रम अधिकार हर्ष पान्डेय उपस्थित थे।

कई महीनों से नहीं उठा कचरा बदबू से परेशान वार्डवासी



कोरबा। नगर निगम कोरबा के दर्री जोन अंतर्गत वार्ड नंबर 60 के ठाकुरडिया मोहल्ला में कई महीनों से कचरे का नियमित उठाव नहीं होने से वार्डवासी परेशान हैं। जगह-जगह कचरा जमा होने के कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी और तेज बदबू का वातावरण बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से कचरा नहीं उठाए जाने के कारण कचरे के ढेर बढ़ते जा रहे हैं। इससे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू के कारण लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो रहा है। वार्डवासियों ने नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से ठाकुरडिया मोहल्ले में तत्काल कचरा उठाव और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय पर सफाई नहीं हुई तो गंदगी और बदबू की समस्या और बढ़ सकती है। वार्डवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

नकिया आंगनबाड़ी में गोद भराई, सुपोषण कार्यक्रम

कोरबा। सेक्टर लेमरू के ग्राम पंचायत नकिया में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद राम मझवार (बीडीसी) एवं सरपंच रामिला पति उर्सी मझवार तथा पंच कमला उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गोद भराई, सुपोषण थैला/पेटी का वितरण किया गया एवं कुपोषित बच्चों तथा कार्यकर्ता-सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों के द्वारा स्वास्थ्य, साफ-सफाई एवं हरे साग भाजी का दैनिक जीवन में उपयोग तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता शिवकुमारी, रतियारो, पुष्पा मझवार, हलमा एक्का, जलसी खुसरो, दिलेश्वरी मझवार एवं सेक्टर पर्यवेक्षक भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति से बच्चों की पढ़ाई को मिला संबल

कोरबा। श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बन रही है। योजना से लाभान्वित पोड़ीबहार निवासी श्रीमती ललिता राठौर ने मिली छात्रवृत्ति राशि का उपयोग अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए पुस्तकें और कॉपियां खरीदने में किया। श्रीमती ललिता राठौर के पति संतोष कुमार मिस्त्री का काम करते हैं। उनका पंजीयन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में मजदूर रेजा-कुली के रूप में है। श्रम विभाग से मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने योजना का लाभ लिया। योजना के अंतर्गत उनकी द्वितीय संतान को 3,000 रुपये की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त हुई।

महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संविदा पदों की पात्र-अपात्र सूची जारी

कोरबा। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कोरबा द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन) के संचालन के लिए संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें आई.टी. असिस्टेंट तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर (पीएमएमवीवाई) के एक-एक अनारक्षित पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में अभ्यर्थी अपना दावा-आपत्ति 22 अक्टूबर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, एएसपी ने ग्रहण किया पुरस्कार

पुलिस साइबर जागरूकता अभियान बना मिसाल, मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने की दिशा में जांजगीर-चांपा पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पुलिस द्वारा संचालित अभिनव अभियान 'एक राखी साइबर जागृति' को नवाचार (इनोवेशन) श्रेणी में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस अभियान के माध्यम से पुलिस ने पारंपरिक राखी के पर्व को साइबर सुरक्षा की जागरूकता से जोड़ते हुए जनभागीदारी का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

महज एक घंटे में 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों तक साइबर जागरूकता का संदेश पहुंचाकर जिले की पुलिस ने प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 9 अक्टूबर को आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा ने जांजगीर-चांपा पुलिस को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। पुलिस की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. यूलैंडन यार्क ने पुरस्कार ग्रहण किया।राखी के पर्व से जोड़ा साइबर सुरक्षा का संदेशपुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, आईपीएस के निर्देशन में 15 अगस्त से 2 अक्टूबर 2026 तक संचालित इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना था। अभियान के तहत 27 अगस्त 2026 को विशेष पहल करते हुए महज एक घंटे में 1,65,000 से अधिक लोगों तक साइबर जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया। राखी जैसे आत्मीय और सामाजिक जुड़ाव वाले पर्व को साइबर सुरक्षा से जोड़ने की इस पहल ने जागरूकता अभियान को एक नया स्वरूप दिया। इसके माध्यम से लोगों को साइबर ठगी से बचने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से सावधान रहने, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के प्रति प्रेरित किया गया।

नवाचार और जनभागीदारी को मिली पहचान

आज के दौर में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और डिजिटल धोखाधड़ी जैसी घटनाएं आम नागरिकों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। ऐसे समय में केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी साइबर अपराधों की रोकथाम का महत्वपूर्ण माध्यम है। जांजगीर-चांपा पुलिस ने इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक पर्व के माध्यम से साइबर सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। अभियान की खासियत इसका नवाचार, व्यापक जनभागीदारी और कम समय में बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच बनाना रहा। एक घंटे में 1.65 लाख से अधिक लोगों को जागरूक करने की उपलब्धि ने इस पहल को विशिष्ट पहचान दिलाई। इसी नवाचारपूर्ण प्रयास के लिए अभियान को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

सामुदायिक पुलिसिंग को मिली नई मजबूती

'एक राखी साइबर जागृति' अभियान को मिला यह सम्मान जांजगीर-चांपा पुलिस के साइबर अपराधों की रोकथाम, जनजागरूकता और सामुदायिक पुलिसिंग के प्रति निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण प्रतिफल है। यह उपलब्धि पुलिस और आमजन के बीच सहभागिता बढ़ाने के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राज्य स्तरीय सम्मान से जिले की पुलिस का उत्साह बढ़ा है। साथ ही यह पहल अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण बनी है कि सामाजिक परंपराओं और नवाचार के माध्यम से गंभीर विषयों पर व्यापक जनजागरूकता पैदा की जा सकती है। साइबर अपराधों से सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में जांजगीर-चांपा पुलिस का यह प्रयास जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

बोड़ासागर नहर में कटाव से बढ़ा खतरा बोरियों से किया अस्थायी सुधार

फगुरम-बोड़ासागर। डभरा मार्ग पर बोड़ासागर के पास से गुजरने वाली मुख्य सिंचाई नहर के तटबंध में कटाव होने से उसके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया था। नहर के किनारे की मिट्टी धसकने के कारण पानी के तेज बहाव से तटबंध के टूटने की आशंका बनी हुई थी।

स्थिति की जानकारी मिलने के बाद संबंधित विभागीय अमले ने कटाव वाले स्थान पर प्लास्टिक तिरपाल और रेत-मिट्टी से भरी बोरियां लगाकर अस्थायी रूप से मरम्मत की। इससे फिलहाल कटाव को नियंत्रित करने और नहर के जलप्रवाह को सुचारू बनाए रखने का प्रयास किया गया है। नहर के किनारे कटाव वाले हिस्से में प्लास्टिक शीट बिछाकर उसके ऊपर रेत-मिट्टी से भरी बोरियां कतारबद्ध तरीके से रखी गई हैं। इस अस्थायी व्यवस्था के माध्यम से कमजोर हुए तटबंध को सहारा दिया गया है, ताकि पानी के बहाव से मिट्टी का और अधिक कटाव न हो। हालांकि, यह व्यवस्था तत्काल राहत देने के उद्देश्य से की गई है। तटबंध को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी जांच और स्थायी मरम्मत की आवश्यकता बनी हुई है।किसानों ने ली राहत की सांसनहर के तटबंध के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी से आसपास के किसानों में चिंता थी। यदि पानी के दबाव के कारण तटबंध टूट जाता, तो खेतों में पानी भरने, फसलों को नुकसान पहुंचने और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। अस्थायी सुधार के बाद किसानों ने राहत महसूस की है। नहर से मिलने वाला पानी खेती के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इसके तटबंध की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण गंभीर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रेत-मिट्टी की बोरियों और



प्लास्टिक शीट से किया गया सुधार स्थायी समाधान नहीं है। पानी का दबाव बढ़ने, लगातार बारिश होने अथवा मिट्टी के दोबारा धसकने से यह हिस्सा फिर क्षतिग्रस्त हो सकता है। ऐसे में समय रहते पुख्ता मरम्मत नहीं कराई गई, तो भविष्य में बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है।जल संसाधन विभाग से पक्के निर्माण की मांगक्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग से मांग की है कि कटाव प्रभावित हिस्से का तकनीकी निरीक्षण कराकर जल्द से जल्द स्थायी मरम्मत कराई जाए। इसके तहत आवश्यकतानुसार सीमेंट-कंक्रीट की पिचिंग और तटबंध का पक्का निर्माण किया जाए, ताकि पानी के तेज बहाव से मिट्टी का कटाव दोबारा न हो। ग्रामीणों का कहना है कि किसानों की फसलों और सिंचाई व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए अस्थायी उपायों के साथ स्थायी समाधान भी जरूरी है। विभाग को इस दिशा में शीघ्र पहल करनी चाहिए, जिससे भविष्य में नहर के टूटने की आशंका को कम किया जा सके।

मां भगवती मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा। ग्राम कटनई स्थित सिद्ध देव पहरिया पाठ एवं मां भगवती दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर में गुंबद कलश की स्थापना की जाएगी।



नवरात्र महोत्सव के प्रथम दिन रविवार को सुबह 9 बजे गांव के तालाब से जल लेकर कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो ग्राम भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद सुबह 11:33 से दोपहर 12:23 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में गुंबद कलश स्थापना, कलश पूजन एवं ज्योति प्रज्वलन किया जाएगा।मंदिर के व्यवस्थापक चंद्रिका कुमार एवं नरेश राम कश्यप ने बताया कि नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। पंचमी तिथि पर माता का विशेष श्रृंगार, सप्तमी को महानिशा पूजन एवं मां काली के दर्शन तथा 18 अक्टूबर को महाअष्टमी के अवसर पर पूजन, हवन, कन्या भोज और महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य रा धा मो ह न पाण्डेय (हरदी वाले) के मार्गदर्शन में संपन्न होंगे।मंदिर में गुंबद कलश स्थापना की तैयारियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी, ग्रामवासी कटनई, क्षेत्रवासी तथा अकलतरा के लिखमानिया परिवार सक्रिय योगदान दे रहे हैं। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं को नवरात्र महोत्सव में शामिल होकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया है।

विद्या निकेतन स्कूल का ग्राम कोसला में एकदिवसीय शिविर

पामगढ़। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ द्वारा गोद ग्राम कोसला स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में 9 अक्टूबर शुक्रवार को एकदिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया।

यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित किया गया, जिसमें स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय प्राथमिक शाला कोसला के प्रधान पाठक जितेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पालेश्वर शर्मा, दिनेश थवाईत, लव तिवारी,गौरव तिवारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। विद्यालय परिवार की ओर से संरक्षक के रूप में संस्था के संचालक नरेंद्र पाण्डेय, प्राचार्य अशोक कुमार मिरे, विभाग प्रमुख अखिल शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी अंकित तिवारी एवं संजना साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ ही पर्यावरण संतुलन और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाला परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि जितेंद्र तिवारी ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत होती है। संस्था संचालक नरेंद्र पाण्डेय ने छात्रों को सेवा संकल्प अभियान के मूल उद्देश्यों को आत्मसात कर समाजहित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और रोपे गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया।



विश्व डाक दिवस पर बंदोरा में नवनिर्मित ग्रामीण डाकघर का लोकार्पण



मालखरौदा। विश्व डाक दिवस के अवसर पर 9 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बंदोरा में नवनिर्मित ग्रामीण डाकघर का लोकार्पण हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस डाकघर के शुभारंभ से ग्राम पंचायत बंदोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को डाक सेवाओं का लाभ अब अपने ही गांव में मिल सकेगा।

कार्यक्रम में उपसंभागीय निरीक्षक (एसडीआई) जीतेंद्र क्षत्रिय, मेल ओवरसीयर नागेश्वर दास महंत, पोस्ट मास्टर राजेश गवेल एवं सहायक पोस्ट मास्टर सूर्यकांत कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बंदोरा के सरपंच नवधाराम वर्मा, पंचायत सचिव खिलेश्वर प्रसाद चंद्रा, समस्त पंचगण, ग्रामवासी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा गांव के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। सभी ने नवीन डाकघर के लोकार्पण पर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीण डाकघर शुरू होने से अब ग्रामीणों को डाक संबंधी कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता कम होगी। इससे समय की बचत होगी और ग्रामीणों तक डाक सेवाओं की पहुंच मजबूत होगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नवीन डाकघर का शुभारंभ गांव में बेहतर सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला

सक्ती। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के अंतर्गत विगत दिवस अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, नगरदा में जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सक्ती द्वारा किया गया।



कार्यशाला के दौरान पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने छात्र-छात्राओं को नवाचार के प्रति मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं सांसद प्रतिनिधि गोपाल जायसवाल ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, नगरदा के प्राध्यापक द्वारा इनोवेशन प्रोग्राम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सक्ती के सहायक प्रबंधक ने भी छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की। कार्यशाला के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, नगरदा के प्राध्यापक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जागरूकता कार्यशाला का समापन किया गया। इस अवसर पर अरुण साहू, प्राध्यापकगण, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय नगरदा के सहायक प्राध्यापक एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सक्ती के सहायक प्रबंधक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अज्ञात कारणों से जहर खाकर युवक ने दे दी जान

कोरबा। करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केराकछार निवासी एक युवक ने पारिवारिक विवाद और मानसिक तनाव के चलते कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजू केवट पूर्व में कोतवाली थाना क्षेत्र के देवांग मोहल्ला में निवास करता था। बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व ही उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद पत्नी उससे अलग हो गई। पत्नी से अलग होने के बाद राजू अपने मूल गांव केराकछार में ही अकेले रह रहा था। पति-पत्नी के बीच हुए इस अलगाव के कारण वह पिछले कुछ समय से काफी तनाव में चल रहा था।

महानदी मीडिया क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन

शिवरीनारायण। महानदी मीडिया क्लब की बैठक में सर्वसम्मति से क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों के हितों की रक्षा करने तथा पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया।



बैठक में अध्यक्ष उग्रेश्वर गोपाल केवट की अध्यक्षता में नीरज शर्मा को सचिव, गौरव राय सागर एवं भूपेंद्र यादव को उपाध्यक्ष तथा संतराम साहू को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, भरत आदित्य को कोषाध्यक्ष, सुदर्शन मानिकपुरी को सह कोषाध्यक्ष, श्याम कर्ष को सलाहकार तथा इतवारी यादव को विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व और सहयोग से महानदी मीडिया क्लब पत्रकारों की एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती तथा पत्रकारिता के मूल्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया गया कि महानदी मीडिया क्लब की कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। इस अवधि में क्लब पत्रकारों के हितों से जुड़े विषयों पर सक्रियता से कार्य करेगा और संगठन की गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाएगा। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा आपसी सहयोग से पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष उग्रेश्वर गोपाल केवट की अध्यक्षता में बैठक का सफल समापन हुआ।

पात्र नागरिकों और नए युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर

सक्ती जिले में मतदाता पंजीयन के लिए एक माह का विशेष अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के पंजीयन के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे और मतदाता सूची में केवल पात्र व्यक्तियों के नाम ही शामिल हों।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस अभियान के तहत ऐसे नागरिकों की पहचान की जा रही है, जो विभिन्न कारणों से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाए हैं या जिनका नाम सूची से विलोपित हो गया है। ऐसे पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जा रहा है। इसके साथ ही 17 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के भावी युवा मतदाताओं को भी पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि पात्रता प्राप्त होने पर वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें।हर सप्ताह बुधवार और गुरुवार को लगेंगे विशेष शिविरअभियान के तहत प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा अपने मतदान केंद्र में सप्ताह के बुधवार और गुरुवार को कार्यालयीन समय में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, छूटे हुए पात्र मतदाताओं की पहचान करने तथा पंजीयन संबंधी जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा बीएलओ द्वारा अपने मतदान केंद्र के अंतर्गत आने वाले घरों में पहुंचकर नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है और उन्हें मतदाता पंजीयन के लिए जागरूक किया जा रहा है।युवा एवं भावी मतदाताओं को अभियान से जोड़ने के लिए शुक्रवार और शनिवार को पॉलिटेक्निक, आईटीआई, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल तथा उच्च शैक्षणिक संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का संचालन संस्थानों के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से किया जा रहा है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों सहित पात्र आयु वर्ग के युवाओं को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। शिविरों की तिथि एवं संस्थानों का निर्धारण जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा किया जाएगा।बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षणविशेष अभियान के प्रभावी संचालन के लिए प्रत्येक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण में नए मतदाताओं के पंजीयन, मतदाता सूची से विभिन्न कारणों से विलोपित प्रविष्टियों के पुनर्सत्यापन तथा आवेदन पत्रों की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई है।अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा प्राप्त आवेदनों की सूची संबंधित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ साझा की जाएगी। फॉर्म-6 के आवेदन पत्रों एवं क्षेत्रीय सत्यापन रिपोर्ट को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के अंत में मतदान केंद्रवार तैयार सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी साझा की जाएगी, ताकि छूटे हुए पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अवसर मिल सके। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कर सकते हैं आवेदनपात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए निर्वाचन आयोग के मोबाइल ऐप अथवा आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

कोतवाली पुलिस की वारंटियों बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

कोरबा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फरार वारंटियों एवं बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।जिसके तहत पुलिस ने इमलीडुग्गू निवासी मनोज कुमार उर्फ रवि नवरंग 26 वर्ष पिता पूनम राम नवरंग, विक्रम सिंह 28 वर्ष पिता सालिक सिंह, रताखार निवासी राकेश यादव उम्र 20 वर्ष पिता शंकर यादव, मोती सागर पारा निवासी कवि यादव 32 वर्ष पिता तीजराम, स्टेशन रोड शनिमंदिर निवासी रविंद्र निषाद उम्र 40 वर्ष पिता गोविंद राम, सर्वमंगला रोड पटेलपारा निवासी अनिल कुमार गुप्ता 45 वर्ष पिता स्वर्गीय रामपाल गुप्ता, दुरपा रोड निवासी धनराज शर्मा 40 वर्ष पिता रम्य शर्मा, रामसागर पारा निवासी विनीत कश्यप 28 वर्ष पिता जॉनसन कश्यप एवं थॉमसन बेंजामिन 42 वर्ष पिता किता बेंजमीन विलियम को गिरफ्तार किया गया है।

परिंदा जो क्रांतिवीर बना, पद्मश्री समेत मिले कई अवॉर्ड

नाना की वो फिल्में, जिन्हें आज भी लोग करते हैं याद



मुंबई। कई दशकों तक भारतीय सिनेमा पर राज करने वाले दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपने फैंस को अलविदा कह गए। अभिनेता ने मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉलीवुड में कदम रखा। उन्होंने साल 1978 में फिल्म 'गमन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद इन्होंने 'आज की आवाज', 'परिंदा' और 'एंगर' जैसी फिल्मों में काम किया। उन्हें शुरुआत में सबसे ज्यादा पहचान फिल्म 'अग्नि साक्षी' से मिली। नाना पाटेकर उन चुनिंदा अभिनेताओं में रहे जिन्हें अभिनय के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। इसमें परिंदा के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता, क्रांतिवीर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अग्निसाक्षी के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता। साल 2013 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

मराठी फिल्मों में भी किया काम

लगभग पांच दशक लंबे अपने करियर में नाना पाटेकर ने कई तरह के रोल किए। वह सबसे कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर मशहूर थे। उन्होंने फिल्मों में खलनायक, विद्रोही, कॉमेडी और गंभीर भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड के अलावा उन्होंने मराठी, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। मराठी में उनकी मशहूर फिल्में 'सिन्हासन', 'पक पक पकाक' और 'नटसम्राट' शामिल हैं।

परिंदा- 1989

नाना पाटेकर फिल्म 'परिंदा' उनकी सबसे कामयाब फिल्मों में से एक है। इसमें उन्होंने अन्ना नाम के एक खतरनाक और सनकील्ड डॉन का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्हें बेहतरीन अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

तिरंगा- 1993


अभिनेता ने इसमें इंस्पेक्टर शिवाजीराव वाघले का किरदार निभाया था। यह किरदार बेहद दमदार और कड़क पुलिस अधिकारी का था। इसमें राज कुमार और ममता कुलकर्णी भी थे।

क्रांतिवीर- 1994

नाना पाटेकर को 'क्रांतिवीर' में बेहतरीन अदाकारी करने के लिए सर्वेश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसमें उन्होंने प्रताप नारायण तिलक का किरदार निभाया है। वह समाज में फैली भ्रष्ट व्यवस्था, सांप्रदायिक नफरत और राजनीतिक ताकतों के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

अग्नि साक्षी- 1996

इस फिल्म में अभिनेता ने विश्वनाथ का किदार



निभाया था। इसमें उन्होंने एक सनकी और हिंसक पति की भूमिका निभाई थी। इसमें मनीषा कोइराल और जैकी श्रॉफ थे। फिल्म में शानदार अभिनय करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

अब तक छप्पन- 2004

इस फिल्म में अभिनेता ने मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्क्वाड के अनुभवी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर साधु आगाशे का किरदार निभाया था। यह किरदार मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक से प्रेरित था।

अपहरण- 2005

नाना पाटेकर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'अपहरण' भी शामिल है। इसमें उन्होंने तबेज आलम का किरदार निभाया था। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता ने एक शक्तिशाली और भ्रष्ट नेता के रूप में नजर आए थे।

वेलकम- 2007

कॉमेडी फिल्म 'वेलकम' में नाना पाटेकर ने उदय शंकर शेट्टी का किरदार निभाया था। इसमें वह एक खूंखार लेकिन मजाकिया अंडरवर्ल्ड डॉन बने थे। इसमें अक्षय कुमार, कट्रीना कैफ और परेश रावल भी थे।

राजनीति- 2010

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म 'राजनीति' में नाना पाटेकर ने बृज गोपाल का किरदार निभाया था। वह मुख्य राजनीतिक परिवार के मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका में थे। इसमें कटरीना कैफ, रणबीर कपूर और अर्जुन रामपाल भी थे।

नटसम्राट- 2016

मराठी फिल्म 'नटसम्राट' में नाना पाटेकर ने गणपतराव 'अप्पा' बेलवलकर का किरदार निभाया था। इसमें उन्होंने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था जो कभी मशहूर नायक था। मगर बुढ़ापे में उन्हें परिवार की उपेक्षा और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है।

वनवास- 2024

इस फिल्म में नाना पाटेकर ने दीपक त्यागी (प्रताप सिंघाना) नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभाया था। यह किरदार भूलने की बीमारी से ग्रस्त होता है।

नाना की आखिरी फिल्म : नाना पाटकर की आखिरी फिल्म 'ओ रोमियो' थी। अभिनेता ने इसमें डीएसपी इस्माइल खान का किरदार निभाया था। उनका यह किरदार सख्त और तेजतर्रार पुलिस/इंटेलिजेंस अधिकारी का था। इसमें शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल थीं। 150 करोड़ की लागत से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 123.10 करोड़ रुपए कमा सकी थी।

हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना

शाहरुख खान ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर भावुक श्रद्धांजलि दी है। नाना के साथ अपनी पुरानी तस्वीर साझा करते हुए शाहरुख ने उनके साथ पहली मुलाकात से लेकर उनकी दोस्ती, सीख और साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने बताया कि नाना अक्सर उन्हें अभिनय को लेकर समझाते थे। उनकी सबसे यादगार बातों में से एक थी, 'हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना।' यही लाइन शाहरुख ने अपनी श्रद्धांजलि के अंत में भी दोहराई।



मैं भगवान को मार देना चाहता हूं

नाना पाटेकर के निधन की खबर सामने आने के बाद राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि हर कोई जानता है कि कोई भी इंसान अमर नहीं है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि नाना जैसे मजबूत शख्स इतनी अचानक इस दुनिया से चले गए। राम गोपाल वर्मा ने अपने पोस्ट में नाना की मौत को लेकर अपनी नाराजगी और बेबसी भी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि उन्हें नाना के दिल के फेल होने से नफरत है और ऐसा महसूस हो रहा है जैसे वह उस भगवान को मार देना चाहते हैं, जिसने अभिनय के भगवान नाना पाटेकर को उनसे छीन लिया।



बहुत याद आएंगे

अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने भी नाना पाटेकर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संदेश में केवल नाना के कलाकार के रूप में योगदान और उनकी प्रतिभा को याद किया। उन्होंने लिखा कि एक महान अभिनेता, शानदार व्यक्तित्व और अभिनय कला के सच्चे दिग्गज के निधन से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों में नाना का योगदान और अभिनय के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।



वह एक बेहतरीन अभिनेता थे

रितेश देशमुख ने लिखा, 'मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं कितना सदमे में हूं। ऐसा लग रहा है जैसे किसी ट्रक ने मुझे टक्कर मार दी हो। नाना पाटेकर जी के निधन की खबर सुनकर मैं बेहद दुखी हूं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। अपनी अलग शैली और अभिनय के खास अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई। ऐसा कोई किरदार नहीं था, जिसे वह निभा न सकें। उन्होंने हर तरह के किरदार में खुद को साबित किया- चाहे वह एक बड़े पर्दे के हीरो का किरदार हो, डरावने विलेन का या फिर अपने शांत अंदाज वाली कॉमेडी का। वह पर्दे के बाहर भी एक हीरो थे।



जब परदे पर गरजे नाना, आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने डायलॉग बोलने का अंदाज भी लोगों को आता था काफी पसंद

नाना पाटेकर ने 'गमन' फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और 'ओ रोमियो' तक में काम किया। अभिनेता की सिर्फ फिल्में ही नहीं, बल्कि उनके डायलॉग्स भी काफी चर्चा में रहे। 'साला ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे'... नाना पाटेकर सिर्फ अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए नहीं जाने जाते थे। बल्कि, उनके बोलने का अंदाज भी लोगों को काफी पसंद आता था। यही वजह थी कि जब वह अपनी फिल्मों में किसी डायलॉग को बोलते थे, तो वह छा जाता था। अभिनेता ने कभी गुस्से में बोलकर तालियां बटोरीं, तो कभी एक साधारण-सी बात को अपने अंदाज से ऐसा बना दिया कि वह वर्षों तक याद रही। 'क्रांतिवीर' से लेकर 'वेलकम' तक उनके संवादों ने उनके किरदारों को अलग पहचान दी। खास बात यह रही कि नाना की संवाद अदायगी में अभिनय और वास्तविकता के बीच की दूरी लगभग खत्म हो जाती थी। आइए नजर डालते हैं उनके 10 ऐसे संवादों पर, जिनका असर फिल्मों के बाहर भी दिखाई दिया।

आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने

यह शायद नाना पाटेकर के कॅरियर का सबसे पहचाना जाने वाला संवाद है। 'क्रांतिवीर' के एक सीन में बोले गए इस डायलॉग में गुस्सा, चुनौती और व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह तीनों दिखाई देते हैं। नाना की आवाज और चेहरे के भाव ने इसे महज एक फिल्मी लाइन नहीं रहने दिया। आज भी यह डायलॉग उनके नाम के साथ सबसे पहले याद किया जाता है।

ये मुसलमान का खून, ये हिंदू का खून... बता इसमें मुसलमान का कौन सा, हिंदू का कौन सा?'

अभिनेता का दूसरा डायलॉग भी फिल्म 'क्रांतिवीर' से ही है। इसका असर सिर्फ सिनेमाई नहीं था। नाना का किरदार धर्म के नाम पर होने वाली हिंसा पर सीधा सवाल खड़ा करता है। सवाल बेहद सरल था, लेकिन उसकी ताकत इसी सादगी में थी। खून का रंग एक है तो इंसानों को धर्म के नाम पर अलग क्यों किया जाए? यह संवाद आज भी 'क्रांतिवीर' के सबसे प्रभावशाली दृश्यों में गिना जाता है।

सौ में से अस्सी बेईमान फिर भी मेरा भारत महान

यह डायलॉग व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नाना के किरदार की नाराजगी को सामने रखता है। व्यंग्य के अंदाज में कही गई यह लाइन इतनी लोकप्रिय हुई कि लंबे समय तक भ्रष्ट व्यवस्था पर टिप्पणी करते समय इसे दोहराया जाता रहा। नाना की आवाज ने इस व्यंग्य को और धार दी।

एक मच्छर साला आदमी को हिजड़ा बना देता है

'यशवंत' का यह डायलॉग नाना की आक्रामक संवाद अदायगी का बेहतरीन उदाहरण है। लाइन के शब्द भले ही तीखे हों, लेकिन इसे लोकप्रिय बनाने में नाना की प्रस्तुति का बड़ा योगदान रहा। यह उन डायलॉग में शामिल हो गया, जिनका जिक्र नाना पाटेकर के नाम के साथ आज भी तुरंत होता है।

धंधे में कोई किसी का भाई नहीं होता

'परिंदा' में नाना ने अन्ना के किरदार में अपराध की दुनिया का निर्मम चेहरा दिखाया था। यह डायलॉग उस दुनिया के उसूल को बेहद सीधे शब्दों में सामने रखता है, जहां रिश्तों से ज्यादा मायने स्वार्थ और धंधे का होता है। इस भूमिका ने नाना को हिंदी सिनेमा के सबसे प्रभावशाली नेगेटिव किरदारों में जगह दिलाई।

टीवी मसाला



क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के स्लॉट पर आएगा अप्सरा

नई दिल्ली। स्टार प्लस के आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के ऑफ-एयर होने की खबर सामने आते ही टीवी गलियारों में हलचल तेज हो गई थी। लेकिन, अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वो कौन सा शो है और क्या है उसका कॉन्सेप्ट, जो तुलसी और मिहिर विरानी के इस चर्चित पारिवारिक ड्रामे को रिप्लेस करने जा रहा है? 21 अक्टूबर से रात 10:30 बजे शुरू हो रहा नया सुपरनैचुरल फैंटेसी शो 'अप्सरा' टीवी के पारंपरिक दायरे को तोड़कर दर्शकों को एक ऐसी अलौकिक दुनिया में ले जाने वाला है, जिसकी कल्पना अब तक किसी शो में नहीं की गई थी। मुक्ता धोंड के प्रोडक्शन में बने इस शो की कहानी प्राचीन पौराणिक कथा 'समुद्र मंथन' के उस अनकहे हिस्से से शुरू होती है, जहां से अमृत कलश और अप्सराओं की उत्पत्ति हुई थी। शो का प्लॉट एक बेहद हैरान कर देने वाली कल्पना पर आधारित है। कलयुग के इस दौर में भी वह दिव्य अमृत कलश धरती पर ही मौजूद है, और स्वर्गलोक ने इस अमृत को बुरी ताकतों से सुरक्षित रखने का जिम्मा अप्सराओं के कुल को सौंपा हुआ है। ये अमृत अगर किसी गलत हाथ में चला गया, तो पूरी मानव सभ्यता का विनाश निश्चित है। आमतौर पर टीवी और फिल्मों में अप्सराओं को केवल सुंदरता, मोहक अदाओं और नृत्य के लिए दिखाया जाता रहा है। लेकिन शो में लीड रोल निभा रहीं समिक्षा जायसवाल (सुनहरी) इस रूढ़िवादी छवि को पूरी तरह तोड़ती नजर आएंगी। सुनहरी कोई ऐसी अप्सरा नहीं है जो किसी राजकुमार या नायक के आने का इंतजार करे, बल्कि वह खुद अपनी लड़ाई की नायक और एक निपुण योद्धा है। लेकिन, इस लड़ाई में सबसे बड़ा मोड़ और दर्द तब आता है, जब अमृत कलश पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली कोई और नहीं, बल्कि उसकी अपनी सगी बहन धारा (अनुष्का मर्चेंडे) बन जाती है। अपनों के प्रति प्यार और अमृत की रक्षा के कर्तव्य के बीच सुनहरी का यह अंदरूनी संघर्ष कहानी को बेहद भावुक मोड़ देता है।

स्काउट-काजी में झगड़ा, कैप्टेंसी डिबेट में मचा बवाल

नई दिल्ली। कलर्स और जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहे देश के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ रिश्तों की उलझन और कड़वाहट नए चरम पर पहुंच रही है। जिस एपिसोड का आगाज यंग डीएसए, लव गिल और आम्रपाली दुबे के बीच की हल्की-फुल्की हंसी-मजाक से हुआ था, वही दिन ढलते-ढलते एक भयंकर सियासी और आक्रामक अखाड़े में तब्दील हो गया। कैप्टेंसी की अगली दावेदारी हासिल करने के लिए मेकर्स ने घर के भीतर एक लाइव टेलीविजन न्यूजरूम खड़ा कर दिया, जहां मर्यादा की सीमाएं लांघी गईं और दो कंटेस्टेंट्स के बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई। डिबेट की यह चिंगारी मंच से उतरकर सीधे लिविंग एरिया में धधक उठी। काजी के मुद्दे पर बात करते-करते गेमर स्काउट ओपी और काजी तौकीर के बीच जुबानी जंग इतनी बढ़ गई कि दोनों अपना आपा खो बैठे। गुस्सा इस कदर भड़का कि दोनों एक-दूसरे पर झपटने को तैयार हो गए और मामला सीधे तौर पर हाथापाई तक पहुंच गया।



बीएफआई लंदन... में दिखाई जाएगी पाकीजा

नई दिल्ली। 18 अक्टूबर होने वाले प्रतिष्ठित 'बीएफ़आई लंदन फ़िल्म फ़ेस्टिवल' में हिंदी सिनेमा की क्लासिक फ़िल्म 'पाकीज़ा' एक नए 4केरेस्टोरेशन के साथ बड़े पर्दे पर लौटने जा रही है। सेंट्रल लंदन के बीएफ़आई आईमैक्स में होने वाली इस ख़ास स्क्रीनिंग के सभी टिकट करीब एक महीने पहले ही पूरे बिक चुके हैं। टिकटों का 'सोल्ड आउट' होना इस बात की गवाही है कि रिलीज़ के 54 साल बाद भी 'पाकीज़ा' का जादू बरक़रार है। गुज़रा वक़्त उसकी चमक को धुंधला नहीं कर पाया। निर्देशक कमाल अमरोही की इस क्लासिक फ़िल्म का संरक्षण 'फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन' ने अमरोही परिवार के सहयोग से किया है। इस नए वर्जन का वर्ल्ड प्रीमियर फ्रांस के ल्यों में 'फेस्टिवल ल्यूमिएर' में होगा, जिसके बाद इसे 'बीएफ़आई लंदन फिल्म फ़ेस्टिवल' में दिखाया जाएगा।



बड़े पर्दे पर पहली बार बाप-बेटे की भिड़ंत

मुंबई। साउथ इंडस्ट्री से नवंबर 2026 में एक अनचाहा क्लैश देखने को मिलने वाला है। सिनेमाघरों में बाप और बेटे आपस में टकराने जा रहे हैं। एक तरफ मामूटी की फिल्म ओम होगी, वहीं दूसरी तरफ दुलकर सलमान की रोमांटिक मूवी आकासम लो ओका तारा। दोनों ही फिल्में टक्कर की लग रही हैं इस वजह से इसे आने वाले समय का एक रोचक बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। साथ ही सिनेमा के इतिहास में ये दोनों बाप-बेटे भी बॉक्स ऑफिस पर पहली बार टकरा रहे हैं। अगर दोनों फिल्मों के बीच क्लैश की बात करें तो राजकुमार पेरियासामी की फिल्म ओम पहले 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी। लेकिन रजनीकांत की जेलर 2 की रिलीज के चलते ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है।

लौटकर आ रहा है सेनापति, कमल की इंडियन 3 का ऐलान

साउथ सिनेमा के वेटरन एक्टर के तौर पर कमल हासन को जाना जाता है। बात की जाए कमल के एक्टिंग कॅरियर की आइकॉनिक मूवीज के बारे में तो उसमें साल 1996 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन का नाम शामिल होता है। करीब 28 साल बाद साल इंडियन का सीक्वल रिलीज किया गया। अब मेकर्स की तरफ से कमल हासन स्टारर इंडियन 3 की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। साथ ही फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर भी साझा किए गए हैं।

नई दिल्ली। करीब 6 दशकों से बतौर अभिनेता कमल हासन सिनेमा जगत में एक्टिव हैं। वैसे तो उन्होंने कई यादगार फिल्में की हैं, लेकिन इंडियन फिल्म फ्रेंचाइजी सबसे खास मानी जाती है। 90 के दशक में शुरू हुई इस सुपरहिट मूवी फ्रेंचाइजी को अब मेकर्स तीसरी किस्त तक ले जाना चाहते हैं। जिसके आधार पर गुरुवार को कमल हासन की इंडियन 3 की अनाउंसमेंट की गई है। दरअसल, 8 अक्टूबर को इंडियन 3 के प्रोडेक्शन



हाउस लाइका प्रोडक्शंस की तरफ से इस मूवी फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट इंडियन 3 का आधिकारिक ऐलान किया गया है। इंडियन 3 के अलावा कमल हासन का नाम लंबे समय से निर्देशक नाग अश्विन की अपकमिंग मूवी कल्कि 2898 एडी के सीक्वल के लेकर चर्चा में बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अगले साल 2027 में कमल की कल्कि को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। इस मूवी में वह यास्किन का नेगेटिव रोल प्ले करते दिखेंगे।

इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज

परिणीति उठाएंगी जनता के मुद्दे, महिलाओं की सुरक्षा करेंगी कनी

नई दिल्ली। मौसम बदल रहा है। उत्तर भारत में गर्मी से राहत मिली है। अब रातें ठंडी हो रही हैं। ऐसे में लोग घर से बाहर निकल कर घूमने-फिरने जा रहे हैं। कुछ लोग अच्छा वक्त बिताने के लिए सिनेमा का रुख कर रहे हैं। कई लोग घर पर बैठ कर मौसम का आनंद लेना चाहते हैं। इन लोगों के लिए यह वीकएंड खास होने वाला है, क्योंकि इस वीकएंड ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।

रिपोर्टिंग लाइव : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 09 अक्तूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। परिणीति के अलावा फिल्म में देवेन भोजानी, अमोल पालेकर, आदिल हुसैन और शेखर सुमन जैसे सितारे हैं।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। मगर, अब तक यह सिर्फ रेंट पर उपलब्ध थी। इसे देखने के लिए दर्शकों को जेब ढीली करनी पड़ रही थी। मगर, अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 09 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

आइज: मलयालम वेब सीरीज 'आइज' 9 अक्टूबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। इसकी कहानी पुलिस अफसर टीना सेबेस्टियन (कनी कुसरुति) के आस-पास घूमती है। वह स्टॉकिंग के परेशान करने वाले मामलों की जांच करती हैं। इन मामलों को सुलझाने के लिए वह मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करती हैं, ताकि अपराधियों की सोच को समझ सकें।







मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 08 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बिलो : *यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 08 अक्तूबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है। शहर पर अचानक एक रहस्यमयी समुद्री जीव का आतंक शुरू हो जाता है। ऐसे में एक मछुआरा सामने आता है, जो अपने समुदाय और परिवार की सुरक्षा के लिए खतरनाक जीव से दो-दो हाथ करता है।*

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट : *अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।*

एनिमल्स : *यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेराडों मेंडेज हैं। यह एक राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो एक मेयर पद के उम्मीदवार के इर्द-गिर्द घूमती है।*

खबर संक्षेप

कोनारगढ़ में जगमगाएंगे आस्था के ज्योत नौ दिनों तक गूंजेंगे जसगीत और भजन

मुलमुला। ग्राम मुलमुला के कोनारगढ़ में लीलागर नदी के तट पर विराजमान आदि शक्ति मां धुत्तीन



दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 11 अक्टूबर से भक्तों की आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए जाएंगे। नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर समिति एवं केवट समाज के सदस्यों द्वारा मंदिर की रंग-रोगन, साज-सज्जा और लाइट डेकोरेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। नवरात्रि को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मां धुत्तीन दाई मंदिर में प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आस्था के ज्योत प्रज्वलित कराते हैं। इस वर्ष भी मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कराने के लिए श्रद्धालु मंदिर समिति के संपर्क स्थल पर पहुंचकर रसीद कटवा रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा और माता के दर्शन के लिए दूर-दराज के गांवों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में लगातार नौ दिनों तक जसगीत, कीर्तन एवं भजन का आयोजन किया जाएगा। बाहर से आने वाली जस मंडलियों की प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठेगा। मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पंडित, पंडा सहित ग्रामवासी एवं श्रद्धालु शामिल होकर पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी रामावतार तिवारी पूजा-अर्चना की धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करेंगे।श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्थानवरात्रि के दौरान दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केवट समाज द्वारा मंदिर परिसर में प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए समाज के सदस्य और ग्रामवासी सहयोग कर रहे हैं। नौ दिनों तक मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहने से पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल रहेगा। मंदिर समिति एवं केवट समाज के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कोनारगढ़ पहुंचकर मां धुत्तीन दाई के दर्शन करने, पूजा-अर्चना करने और नवरात्रि पर्व में सहभागी बनने की अपील की है। लीलागर नदी के तट पर स्थित मां धुत्तीन दाई मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। शारदीय नवरात्रि में यहां मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कराने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं।

महंत लाल दास कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह आज

शिवरीनारायण। महंत लालदास कॉलेज में शनिवार 10 अक्टूबर को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजन को लेकर महाविद्यालय में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में रायगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनय कुमार चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं राजेश्री महंत रामसुंदर दास कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं निर्मल दास वैष्णव उपस्थित रहेंगे। दीक्षारंभ समारोह का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की व्यवस्था, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन एवं महाविद्यालय की परंपराओं से परिचित कराना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के साथ-साथ जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने, मेहनत करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दीक्षारंभ समारोह विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक है।

शासकीय हाई स्कूल देवरघटा में पालक शिक्षक बैठक आयोजित

हसौद। शासकीय हाई स्कूल देवरघटा में प्राचार्य दिलेश्वर कुमार लहरे की अध्यक्षता में तिमाही परीक्षा परिणाम का समीक्षा किया गया। बच्चों को समय के महत्व एवं समय प्रबंधन पर अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। गत वर्ष के परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए नवाचार देखने को मिला विद्यालय में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं साथ में उनके पिता पालकों को भी सम्मानित किया गया। इससे बच्चों में अधिकतम प्राप्त करने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के पिता एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।जिसमें उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास कैसे हो इसके बारे में बताया गया पालको के भी सुझाव को आमंत्रित रहा और कार्यक्रम उपस्थित सभी पालकों एवं शिक्षकों आभार के साथ सभी को धन्यवाद प्रेषित किये। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती हेमलता कश्यप, भूषण लाल महिलांगें उपस्थित रहे। इसी तरह से हमेशा बच्चों एवं पालकों को आपस में समन्वय बनाकर चलने के लिए प्रेरित किया।

निधन

श्रीमती मालती बाई भारद्वाज

मालखरौदा। ग्राम पंचायत मालखरौदा के प्रतिष्ठित



नागरिक धनाराम भारद्वाज की धर्मपत्नी श्रीमती मालती बाई भारद्वाज का 70 वर्ष की आयु में 8 अक्टूबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

दुकानदारों ने पर्व को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में मंगाया सामान

नवरात्रि पर्व को लेकर बाजारों में रौनक, जमकर हो रही खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण में शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर के बाजारों में इन दिनों काफी रौनक देखने को मिल रही है। पर्व की तैयारियों के लिए लोग पूजन सामग्री, नए कपड़े, सजावटी सामान, फल, मिठाई और अन्य आवश्यक वस्तुओं की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ बनी हुई है।

नवरात्रि को लेकर दुकानदारों ने अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है। पूजन सामग्री की दुकानों पर नारियल, चुनरी, कलश, दीपक, अगरबत्ती, धूप, रोली, मौली और माता की प्रतिमाओं की मांग बढ़ गई है। वहीं कपड़ा, जूते-चप्पल, सौंदर्य प्रसाधन और घरेलू सामान की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है।बाजार में फल और मिठाइयों की बिक्री भी बढ़ गई है। दुकानदारों ने पर्व को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में सामान मंगाया है। नवरात्रि के दौरान व्रत रखने वाले श्रद्धालु फलाहार से जुड़ी सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। इसके अलावा घरों और मंदिरों की सजावट के लिए रंग-बिरंगी झालरें, फूल-मालाएं और विद्युत सजावटी सामान भी खूब बिक रहे हैं।पर्व को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह है। लोग अपने घरों में घट स्थापना और पूजा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दुकानदारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। वहीं प्रशासन और नगरवासियों से बाजार में यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा खरीदारी के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है।



पूजन सामग्री का खरीददारी करते लोग।

श्रद्धालुओं को पंडाल में माता रानी के साथ होंगे 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

चांपा। शारदीय नवरात्र पर इस बार चांपा में आस्था और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नगर में जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना और पंडालो को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। इसी बीच थाना चौक के पास पोस्ट ऑफिस के बगल में तैयार हो रहा भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। यहां मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालु एक ही पंडाल में देश के 12 ज्योतिर्लिंग की झलक भी देख सकेंगे। इस पंडाल की ऊंचाई करीब 70 फीट चौड़ाई 60 फीट और गहराई 110 फीट होगी। पंडाल को आकर्षक स्वरूप देने के लिए पश्चिम बंगाल से विशेष रूप से बुलाए गए कारीगर दिन रात काम कर रहे हैं और पंडालों में माता की प्रतिमा को विशेष रूप से कारीगर कलाकारी सजावट धार्मिक चित्रों और देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के साथ भगवान भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है। भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों और 12 ज्योतिर्लिंग की धार्मिक अवधारणा को पंडाल की सजावट में विशेष स्थान दिया गया है। नवरात्र में 9 दिनों तक मां दुर्गा की नियमित पूजा अर्चना और आरती के साथ साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा कराया जाएगा आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।मनमोहक प्रतिमा के साथ 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करे।



अग्रसेन जयंती समारोह कल, धूमधाम से निकलेगी अग्रवंश संस्थापक की शोभायात्रा

स्थानीय अग्रवाल समुदाय जुटा तैयारियों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में रविवार 11 अक्टूबर को अग्रवंश संस्थापक महाराजा अग्रसेन की 2150 वीं जयंती धूमधाम से परंपरानुसार मनाई जावेगी। जयंती के मौके पर महाराज अग्रसेन की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा ओम सिटी से आयोजन स्थल श्रीराम मंगलम भवन तक निकाली जाएगी।



उक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी एवं सचिव राज अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष जयंती समारोह के मुख्य अतिथि रायगढ़ निवासी उद्योगपति व समाजसेवी राकेश अग्रवाल होंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायगढ़ के ही उद्योगपति बजरंगलाल अग्रवाल, भुक्ता निवासी समाजसेवी दिलीप अग्रवाल तथा चाम्पा के एस. डी. ओ. पी. पुलिस लोकेश बंसल शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता अग्रवाल सेवा संघ चाम्पा के अध्यक्ष विष्णु मोदी करेंगे। इस दिन अपरान्ह 4 बजे स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से समारोह स्थल श्रीराम मंगलम भवन तक महाराज अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाली जावेगी. शोभायात्रा में शामिल अग्रबंधुओं एवं महिलाओं का शोभायात्रा के मार्ग में जगह जगह स्वागत किया जायेगा। शोभायात्रा के श्रीराम मंगलम भवन पहुंचने के बाद यहां महाराज अग्रसेन जी की आरती के साथ समारोह प्रारम्भ होगा। महाराज अग्रसेन की आरती अतिथियों द्वारा आरती की थाल सजाओ स्पर्धा के लिए चयनित प्रथम विजेता की थाल से की जाएगी। अतिथियों को मंचासीन करने के पश्चात उनके स्वागत के बाद संघ के सचिव द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। संघ के अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण दिये जाने के बाद अतिथियों द्वारा उदबोधन दिये जाने के पश्चात समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया जावेगा। इसके अलावा मंचस्थ अतिथियों द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह 2026 के उपलक्ष्य में 4 से 11 अक्टूबर तक समाज के विभिन्न आयु के पुरुषों एवं महिलाओं के लिए आयोजित विविध स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। संघ की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जावेगा। अंत में आभार प्रदर्शन एवं रात्रि सह भोज के साथ ही समारोह का समापन होगा। इस वर्ष अग्रसेन जयंती समारोह के लिए नियुक्त प्रभारी मनोज अग्रवाल पिंटू के नेतृत्व में अग्रवाल सेवा संघ के सभी पदाधिकारियों सहित अग्रवाल युवा और महिला मंडल के पदाधिकारीगण और सदस्य जोर शोर से अग्रसेन जयंती समारोह 2026 की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शासकीय डी.डी.एस. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को शिक्षा योजना-2026 के अंतर्गत शिक्षा के अधिकार, कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं तथा पढ़ाई बीच में छोड़ने की समस्या को रोकने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि शिक्षा का पूरा नाम मदद और पहुँच के ज़रिए समग्र समावेश, ज्ञान और स्कूली शिक्षा के लिए योजना है। इस योजना का उद्देश्य सहायता और पहुंच के माध्यम से बच्चों की शिक्षा को समावेशी बनाना तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जागरूक करना है।शिविर में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1) के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, वंचित समूह, प्रवासी परिवारों के बच्चों तथा दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने और उनकी पढ़ाई जारी रखने पर विशेष जोर दिया गया।विद्यार्थियों को बताया गया कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर कम करने के प्रयास किए जाते हैं। इसके साथ ही छात्रवृत्ति, छात्रावास, मध्याह्न भोजन तथा आगे की पढ़ाई के लिए पात्र विद्यार्थियों को उपलब्ध शैक्षणिक ऋण जैसी सुविधाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में सरस्वती साइकिल योजना का उल्लेख करते हुए बताया गया कि कक्षा नौवीं में अध्ययनरत पात्र बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। इससे बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने और विद्यालय तक उनकी पहुंच आसान बनाने में मदद मिलती है।

अकलतरा में आज होगा राज्य कर्मचारी संघ का जिला अधिवेशन

अकलतरा। राज्य कर्मचारी संघ की ओर से जिला अधिवेशन का आयोजन आल्हा पेट्रोल पंप, तरौद चौक, अकलतरा में 10 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री राजेन्द्र श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं, संभाग अध्यक्ष प्रकाश सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री शंखध्वनी सिंह बनाफर, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी चेलक, प्रदेश महामंत्री बोधिराम निषाद, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. गीता सिंह, उद्यानिकी विभाग की प्रदेश प्रमुख प्रियंका सिंह, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुर्रे तथा महामंत्री संजय चौहान उपस्थित रहेंगे। राज्य कर्मचारी संघ के सहसंयोजक पुष्पराज सिंह ने सभी कर्मचारी साथियों, पदाधिकारियों एवं आमंत्रितजनों से जिला अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

नवरात्रि-दशहरा पर पुलिस रहेगी मुस्तैद असामाजिक तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई

अकलतरा। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पुलिस सहायता केंद्र कोटमी सोनार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी व्योमेश लिल्हारे ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर पर्व के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।उन्होने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अशांति फैलाने की कोशिश की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि नवरात्रि एवं दशहरा के दौरान क्षेत्र और गांवों में पुलिस की पेट्रोलिंग तथा गश्त लगातार जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उपसरपंच बालूराम मनहर ने नवरात्रि के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि त्योहार के समय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में विश्वास बना रहेगा। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग देने की बात कही।बैठक में पत्रकार सुबोध थवाईत, सीताराम दास महाराज, महेश्वर शुक्ला, ललित सोनी, साबित खान, ईश्वर बारमते, विशाल बंजारे, अजय सागर, आशीष मीरी, विनोद केवट, संतोष यादव सहित प्रधान आरक्षक रेमन सिंह राजपूत, दीपक कौशिक, हेमंत साहू, हेमेन्द्र पाटले, जय नारायण दुग्गा, शुभम एक्का एवं अर्जुन सिदार उपस्थित रहे।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा ने मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू बालोद्यान में गांधी जी व संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। काला दिवस मनाते सभी कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए शहीद स्मारक, थाना चौक होते हुए पुनः बापू बालोद्यान पहुंचे। जांजगीर-चांपा के विधायक व्यास कश्यप ने बताया कि कैसे केंद्र की सरकार, ने आम नागरिक, के हक को छीन, रही है और वोट चोरी, के माध्यम से आम जनता को बरगला रही है।

इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष



सुनील साधवानी एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री नागेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, राज सरोज, जिला महामंत्री सेवक देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय, पार्षद तमिंद्र देवांगन, ललित, देवांगन, दुर्गा कुर्रे, पुरषोत्तम देवांगन, गिरधर देवांगन, वरिष्ट कांग्रेसी उमेश तिवारी, भालचंद्र तिवारी, समद बेग, अनिल बनकर, चंद्रदेव महंत, विपिन देवांगन,एम.डी. अली, हरीश श्रीवास, माणिक मसीह, पूर्व पार्षद गोविंद देवांगन, डुग्गू प्रधान, श्रीमती गीता सोनी, शमिष्ट कंसारी उपस्थित रहे।

माताओं को आंगनबाड़ी में चल रहे योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय बम्हनीडीह के अंतर्गत आंगनबड़ी केंद्र भाठापारा बिर्रा केंद्र क्रमांक 505 में आंगन

- भांठापारा बिर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया आंगन मिलन सेवा संकल्प

मिलन सेवा संकल्प कार्यक्रम कराया गया। सर्वप्रथम श्रीमति पीलीबाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा, मनोज तिवारी सेवानिवृत्त व्याख्याता, मणिलाल कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता, एकादशिया राम साहू सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बिर्रा, रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा, भोलाराम देवांगन पंच वार्ड 1 आदि सभी अतिथियों ने भाठापारा



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

बिर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र में मां सरस्वती एवम भारत माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती उर्मिला भारती ने सभी माताओ को आंगनबाड़ी में चल रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जैसे- महतारी वंदना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या योजना, नोनी योजना, गर्भवती माताओ के स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात सभी अथितियों का सम्मान फूलमाला एवम श्रीफल से श्रीमती हेमलता देवांगन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने की। मनोज कुमार तिवारी ने अपने आशीर्वचन में आंगनबाड़ी के बारे में उपस्थित माताओ को बताया। उन्होंने अपना उद्बोधन में कहा कि अपने नन्हे मुन्हे बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र में जरूर भेजे। मणिलाल कश्यप एवं एकादशियां साहू ने भी संबोधित किये। मनोज कुमार तिवारी ने सभी मताओ एवं बच्चों को न्योता भोजन कराया। मणिलाल कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के खिलौने दान किये। कार्यक्रम का संचालन रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक बिर्रा एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती हेमलता देवांगन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती शांति कश्यप, पुत्री पांडेय, सरिता नेताम, वीना महंत, मैना गोंड, सुशीला रात्रे, पिलेश्वरी पटेल, बुधियारिन कश्यप, संतोषी कश्यप आदि के अलावा बड़ी संख्या में माताएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

कौशल विकास यात्रा पहुंची सक्ती, एआई साक्षरता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शिक्षा, कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था आईसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल विकास यात्रा शुक्रवार 9

- नवीन कन्या महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय एवं क्रांति कुमार महाविद्यालय में हुआ जागरूकता एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम,

अक्टूबर को सक्ती जिले में पहुंची। यहां आईसेक्ट के जिला प्रबंधक राम नरेश यादव ने कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया।

इस दौरान यात्रा के अंतर्गत सक्ती जिले के आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर सक्ती, नवीन कन्या महाविद्यालय सक्ती, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय तथा क्रांति कुमार महाविद्यालय में जागरूकता



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को शिक्षा, कौशल विकास, करियर के अवसरों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को एआई से होने वाले लाभ एवं हानि के बारे में समझाते हुए नई तकनीकों के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं सहित सभी विद्यार्थियों को बताया गया कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा और डिजिटल कौशल का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए नई तकनीकों को समझना और उनका सही उपयोग करना आवश्यक है। आईसेक्ट के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार साहू ने कहा कि कौशल विकास यात्रा-2026 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि युवाओं को भविष्य की तकनीकों, कौशल आधारित शिक्षा और रोजगारोन्मुखी अवसरों से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही शैक्षणिक विकल्पों तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल के प्रति जागरूक करना है। प्राचार्य विजय देवांगन, प्राचार्य सालू पाहुआ, जिला प्रबंधक राम नरेश यादव एवं निमेश थामके ने कहा कि कौशल विकास यात्रा विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने, करियर की संभावनाओं को तलाशने तथा भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर सकती है। इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता एवं करियर मार्गदर्शन से जुड़े सीमा देवांगन, केशव पटेल, अमित शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

